भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

क्षेत्रीय संपर्कता योजना के अंतर्गत शिवपुरी हवाई अड्डे के विकास के लिए भाविप्रा ने मध्य प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन/समझौतों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली 11 अक्तूबर , 2024 : मध्य प्रदेश में नागर विमानन क्षेत्र की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, आरसीएस के अंतर्गत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और मध्य प्रदेश सरकार बीच 10 अक्टूबर, 2024 को शिवपुरी हवाई अड्डे के विकास के लिए समझौता ज्ञापन और प्रचालन एवं अनुरक्षण तथा संचार दिक्चालन एव निगरानी/वायु यातायात प्रबंधन सेवाओं के प्रावधान के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

भाविप्रा की ओर से कार्यपालक निदेशक श्री एनवी सुब्बारायडू, श्री सजित कुमार महाप्रबंधक, (एटीएम/एटीएस) दिल्ली और विमानपत्तन निदेशक श्री रामजी अवस्थी तथा मध्य प्रदेश सरकार की ओर से मध्य प्रदेश के विमानन आयुक्त श्री चंद्रमौली शुक्ला द्वारा समझौतों/समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

विकास के लिए निष्पादित समझौता ज्ञापन, ओ एंड एम और सीएनएस/एटीएम समझौते के अनुसार शिवपुरी हवाई पट्टी के समग्र विकास का कार्य शीघ्र ही किया जाएगा। हवाई अड्डे को प्रारंभिक चरण में 19 सीटर प्रकार के विमानों तथा निकट भविष्य में एटीआर-72 प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए विकसित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार शीघ्र ही 292 एकड़ भूमि भाविप्रा को सौंपेगी।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011 - 20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 14/2024-25

M.P. Industrial
Development Corpora